Headline: " TRAINING ON COVID 19 AND EARTHQUAKE"

Print Coverage:

"TRAINING ON COVID 19 AND EARTHQUAKE"			
Sr. No.	**Date**	**Publication**	**Page**
1.	26.02.2023	DAINIK BHASKAR	07

जयपुर, रविवार 26 फरवरी, 2023 | 07

बिजनेस प्लस

700 स्वास्थ्य कर्मियों को दी जाएगी कोविड महामारी एवं भूकंप जैसी आपदा के लिए ट्रेनिंग

जयपुर | देश की प्रमुख हेल्थ यूनिवर्सिटी आईआईएचएमआर, विश फाउंडेशन और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. पीआर सोडानी, विश फाउंडेशन के डॉ. नरेश पॉटर, जिला महामारी विशेषज्ञ , डॉ. ममता चौहान उपस्थित थे। वर्कशॉप के तहत कोविड महामारी, हादसे या भूंकप जैसी आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी। आईआईएचएमआर जयपुर के अध्यक्ष डॉ. पीआर सोडानी ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाली इस वर्कशॉप में जयपुर और आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत फार्मासिस्ट, लैब असिस्टेंट, एएनएम, जीएनएम, स्टाफ नर्स, पब्लिक हैल्थ मैनेजर, एसीडीईओ, मेडिकल ऑफिसर्स, चिकित्सा अधिकारी और जिला अधिकारी को अलग-अलग दिन ट्रेनिंग दी जाएगी। लगभग 700 स्वास्थ्यकर्मी इससे लाभान्वित होंगे।

Headline: " TRAINING ON COVID 19 AND EARTHQUAKE"

Print Coverage:

"TRAINING ON COVID 19 AND EARTHQUAKE"		
Sr. No.	**Date**	**Publication**
1.	28.02.2023	RAJASTHAN PATRIKA

कर्मचारियों के लिए वर्कशॉप

कोविड महामारी और भूकंप जैसी आपदा के लिए ट्रेनिंग

जयपुर @ पत्रिका प्लस. हैल्थ यूनिवर्सिटी आईआईएचएमआर, विश फाउंडेशन और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ.पी.आर. सोडानी, विश फाउंडेशन के डॉ. नरेश पॉटर, जिला महामारी विशेषज्ञ , डॉ. ममता चौहान उपस्थित थे। आईआईएचएमआर जयपुर के अध्यक्ष डॉ. पी.आर. सोडानी ने बताया कि वर्कशॉप के तहत कोविड महामारी, हादसे या भूंकप जैसी आपदा के समय राहत और बचाव कार्यें के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसमें 700 से अधिक स्वास्थ्यकर्मी भाग ले रहे है, ताकि आपदा के लिए हमेशा तैयार रहें।